Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0(EPF)–07 / 2020......334.......

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी,
बाँका।

बन्दोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पश्चिम चम्पारण, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालन्दा।

पटना, दिनांक :04-02-2021

विषय :– नवनियोजित संविदा कर्मियों के EPF खाता खुलवाने के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय पत्र संख्या– 11641 दिनांक 21.12.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा नवनियोजित संविदा कर्मियों के EPF खाता खुलने एवं इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को प्राप्त होने तक आपका एवं आपके अधिनस्थ कर्मियों (चतुर्थवर्गीय कर्मियों को छोड़कर) का वेतन तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए अवरूद्ध करने संबंधी निदेश निर्गत किया गया एवं इसकी सूचना समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं संबंधित कोषागार को दी गई है।

उपर्युक्त के आलोक में 07 बन्दोबस्त कार्यालयों बेगूसराय, शिवहर, अररिया, सीतामढ़ी, सुपौल, बाँका एवं मुंगेर द्वारा अभी तक EPF खाता खोलने से संबंधित सूचना अप्राप्त है। शेष 13 बन्दोबस्त कार्यालयों यथा शेखपुरा, कटिहार, पूर्णियाँ, लखीसराय, मुंगेर, किशनगंज, मधेपुरा, जहानाबाद, खगड़िया, जमुई, बेतिया एवं सहरसा द्वारा EPF खाता खोलने की सूचना दी गई है।

अतः उक्त के आलोक में 07 बन्दोबस्त कार्यालयों बेगूसराय, शिवहर, अररिया, सीतामढ़ी, सुपौल, बाँका एवं मुंगेर को छोड़कर शेष बन्दोबस्त कार्यालयों के वेतन निकासी पर लगी रोक को शिथिल किया जाता है। अनुरोध है कि शेष बन्दोबस्त कार्यालय, जहाँ EPF खाता अभी तक नही खोला जा सका है, वे यथाशीघ्र प्राथमिकता के आधार पर EPF खाता खोलते हुए इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायी जाय, ताकि उक्त कार्यालय के पदाधिकारी / कर्मी के वेतन निकासी पर लगी रोक को शिथिल किया जा सके।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 4/2/21
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

04-02-2021

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0(EPF)–07 / 2020....334........ **पटना, दिनांक**

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय) / कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप 04-02-2021

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0 (2) राज्य यो0(EPF)–07 / 2020..334.......... **पटना, दिनांक**

प्रतिलिपि :– सुश्री सुरभि सिंह, डाटा एनालिस्ट, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप